दैनिक जागरण 16/03/2024

शिविर में 80 लोगों ने किया रक्तदान

जागरण संवाददाता, अंबाला शुक्रवार को गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के जन्म दिवस के अवसर पर जेसीआई अंबाला एवं यूथ रेडक्रास, एनएसएस, एनसीसी, वुमन सैल, स्पोर्ट्स क्लब, एसडीजी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विकास चोना रहे। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

समाज में रक्तदान को लेकर जो भ्रांतियां फैली है उन्हें दूर करने की जरूरत है। यूथ रेडक्रास सोसाइटी के प्रभारी एवं कार्यक्रम के संयोजक डा. राकेश कुमार ने बताया कि 80 लोगों ने रक्तदान किय। शिविर में रक्तदाताओं के उत्साह वर्धन के लिए जेसीआइ अंबाला से लक्षित अग्रवाल, रोहित जैन, विभु अरोड़ा, नमन जैन, प्रियंकु शर्मा आदि मौजूद रहे।

उधर, कालेज में ही सार्वजनिक क्षेत्र में करियर अवसरों पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता ज्योति शर्मा (जीके फैकल्टी), सतवीर धीमान (मैथ्स फैकल्टी) राजीव शर्मा (रीजनिंग फैकल्टी) रहे, जबकि संयोजक डा. केके पूनिया रहे।